# प्रश्न पुस्तिका

**D**

अनुक्रमांक

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक

148596

SET

**D**

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर

समय : 2 घण्टे 30 मिनट

पूर्णांक : 200

## महत्वपूर्ण निर्देश

1. इस प्रश्न पुस्तिका में कुल 48 पृष्ठ हैं। प्रश्न पुस्तिका की सील खोलने के तुरन्त बाद जाँच कर सुनिश्चित हो लें कि प्रश्न पुस्तिका में कोई त्रुटि तो नहीं है और पृष्ठ पूरे हैं। कोई त्रुटि पाये जाने पर इसकी जानकारी तुरन्त अपने कक्ष निरीक्षक को दें। आवश्यकतानुसार प्रश्न पुस्तिका बदल दी जायेगी।
2. इस प्रश्न पुस्तिका में कुल 200 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। गलत उत्तरों के लिये ऋणात्मक अंक नहीं दिये जायेंगे।
3. प्रश्नों का उत्तर दिये गये OMR उत्तर पत्रक पर देना है।
4. OMR उत्तर पत्रक भरने से पूर्व OMR उत्तर पत्रक पर दिये गये निर्देशों को अभ्यर्थी ध्यानपूर्वक पढ़ लें।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार उत्तर विकल्प दिये गये हैं। सही एवं सर्वाधिक उचित विकल्प छाँटकर OMR उत्तर पत्रक में सही विकल्प वाले गोले को नीली/काली स्याही के बॉल प्वाइंट पेन से इस प्रकार काला करें कि स्याही गोले के बाहर न फैलने पाये।
6. रफ कार्य प्रश्न पुस्तिका के अंत में निर्दिष्ट स्थान पर किया जा सकता है।
7. यदि कोई प्रश्न न आता हो तो अगले प्रश्न पर जायें। अनावश्यक समय नष्ट न करें।
8. OMR उत्तर पत्रक को न तो मोड़ें और न ही किसी प्रकार से विकृत करें।
9. परीक्षा समाप्त होने पर OMR उत्तर पत्रक को कक्ष निरीक्षक को अवश्य सौंप दें। अभ्यर्थियों को OMR उत्तर पत्रक की कार्बन प्रति एवं प्रश्न पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।

[ Turn Over

**D**

1. वाणिज्यिक बैंकों में गैर-निष्पादीय परिसम्पत्तियों (NPA) का अर्थ है –
   (A) बैंक जमा जिनका निवेश नहीं किया जाता
   (B) ऋण जिन पर ब्याज तथा मुख्य रकम की वसूली नहीं होती
   (C) पूँजी परिसम्पत्तियाँ जो प्रयोग में नहीं हैं
   (D) कम ब्याज वाले ऋण

2. एक राज्य के महाधिवक्ता का कार्यकाल होता है-
   (A) 4 वर्ष
   (B) 5 वर्ष
   (C) 6 वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु जो भी पहले हो
   (D) निर्धारित नहीं है

3. लोकसभा के संबंध में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं–
   (i) संविधान में लोकसभा के सदस्यों की संख्या की सीमा तय की गई है।
   (ii) संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की सीमा और आकार निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किये जाते हैं।
   (iii) फर्स्ट-पास्ट-द पोस्ट निर्वाचन प्रणाली अपनाई जाती है।
   (iv) मतों के समान रहने की स्थिति में लोकसभा अध्यक्ष के पास निर्णायक मत नहीं होता है।

   नीचे दिये गये कूट में से सही विकल्प का चयन कीजिए –
   (A) (i) और (iii)
   (B) (i), (ii) और (iii)
   (C) (i), (iii), (iv)
   (D) (i), (ii), (iii), (iv)

4. सुमेलित कीजिए :

| **सूची-I** (संस्थान) | | **सूची-II** (ध्येय वाक्य) |
|---|---|---|
| (a) भारतीय नौ सेना | (i) | शं नो वरूणः |
| (b) डाकतार विभाग | (ii) | सेवा अस्माकं धर्मः |
| (c) भारतीय वायु सेना | (iii) | नभः स्पृशं दीप्तम् |
| (d) भारतीय थल सेना | (iv) | अहर्निशं सेवामहे |

| **कूट :** | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (D) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

5. हवाई जहाज में उपयोग में लाये जाने वाले 'ब्लैक बॉक्स' का रंग क्या होता है?

(A) सफेद (B) काला

(C) नारंगी (D) नीला

6. ऑस्ट्रेलियन ओपेन टेनिस 2020 का महिला सिंगल्स खिताब किसने जीता?

(A) मारिया शारापोवा (B) सेरेना विलियम्स

(C) सोफिया केनिन (D) गार्बाइन मुगुरूजा

7. निम्न में से किसे 17वीं लोकसभा हेतु कार्यकारी अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) नियुक्त किया गया था?

(A) ओम बिड़ला (B) मल्लिकार्जुन खड़गे

(C) सुमित्रा महाजन (D) डॉ. वीरेन्द्र कुमार

8. निम्नलिखित में से राज्य-सभा के विषय में कौन सही है –

(1) यह भंग नहीं की जा सकती है।

(2) इसका कार्यकाल पाँच वर्ष का होता है।

(3) प्रत्येक दो वर्ष बाद इसके एक तिहाई सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो जाता है।

(4) इसके सदस्य 25 वर्ष से कम आयु के होंगे।

नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन करें :

**कूट :**

(A) 1, 2 और 3 (B) 2, 3 और 4

(C) 1 और 3 (D) 2 और 4

9. 5-8 नवम्बर 2019 तक पाँचवाँ भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव कहाँ आयोजित किया गया?

(A) नई दिल्ली

(B) कोलकाता

(C) बेंगलुरू

(D) हैदराबाद

10. प्रसिद्ध ग्रंथ महाभारत का मूल नाम क्या था?
(A) वृहत् कथा
(B) ब्राह्मण
(C) वृहत्संहिता
(D) जयसंहिता

11. सेंट्रल रेलवे का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(A) नई दिल्ली
(B) भोपाल
(C) मुंबई (सी.एस.टी.)
(D) मुंबई (चर्चगेट)

12. निम्नलिखित में से किसका नेतृत्व महात्मा गाँधी ने नहीं किया था?
(A) भारत छोड़ो आंदोलन
(B) सविनय अवज्ञा आंदोलन
(C) खेड़ा सत्याग्रह
(D) बारदोली सत्याग्रह

13. निम्नलिखित घटनाओं का सही अनुक्रम क्या है?
(1) साइमन कमीशन
(2) भारत छोड़ो आंदोलन
(3) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना
(4) मिंटो मार्ले सुधार
नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-
(A) 1, 2, 3, 4
(B) 3, 4, 1, 2
(C) 4, 1, 2, 3
(D) 3, 4, 2, 1

14. 'केन्द्रीय मृदा एवं जल संरक्षण अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान' कहाँ स्थित है?
(A) नागपुर
(B) देहरादून
(C) अहमदाबाद
(D) अमरावती

15. उड़ीसा में 'कोणार्क मंदिर' का निर्माण किसने करवाया था?
(A) राजा नरसिंह देव - I
(B) राजा कृष्णदेव राय
(C) कनिष्क
(D) पुलकेशिन - II

16. मुगल प्रशासन में 'मुहतसिब' था –
(A) सेना अधिकारी
(B) विदेश विभाग का अधिकारी
(C) लोक आचरण अधिकारी
(D) पत्र व्यवहार विभाग का अधिकारी

17. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का वर्ष 1929 में लाहौर सम्मेलन, जिसमें अंग्रेजों से पूर्ण स्वतंत्रता पाने का संकल्प अंगीकृत किया गया था, किसकी अध्यक्षता में हुआ था?
(A) बाल गंगाधर तिलक
(B) गोपाल कृष्ण गोखले
(C) जवाहर लाल नेहरू
(D) मोती लाल नेहरू

18. सही युग्म को चुनिए –
(A) महाबलीपुरम - राष्ट्रकूट
(B) एलोरा कन्दराएँ - शक
(C) खजुराहो - चन्देल
(D) मीनाक्षी मंदिर - पल्लव

19. जिस ब्याज दर पर भारतीय रिजर्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों को सामान्य क्रियाओं हेतु ऋण देता है, उसे कहा जाता है –
(A) रेपो दर
(B) विपरीत (Reverse) रेपो दर
(C) बैंक दर
(D) तत्काल ब्याज दर (Call Rate)

20. निम्नलिखित में कौन मानवीय विकास सूचकांक का तत्व नहीं है?
(A) शिक्षा
(B) जीवन प्रत्याशा
(C) समन्जित प्रति व्यक्ति आय
(D) निर्धनता रेखा से नीचे के लोगों की संख्या

**D**

21. निम्नलिखित कारकों में से कौन सा कारक सकल राष्ट्रीय उत्पाद में प्रत्यक्ष रूप से वृद्धि करेगा?
(A) ब्याज दर में वृद्धि
(B) बजट में अतिरेक
(C) विनियोग में वृद्धि
(D) राष्ट्रीय ऋण में कमी

22. इनमें से किस शहर को 'दक्षिण भारत का मैनचेस्टर' कहा जाता है?
(A) कोयम्बटूर
(B) चेन्नई
(C) बंगलुरु
(D) मदुरई

23. किस मृदा को कम सिंचाई की आवश्यकता होती है, क्योंकि वह मृदा नमी को रोक सकती है?
(A) जलोढ़ मिट्टी
(B) काली मिट्टी
(C) लाल मिट्टी
(D) लैटराइट मिट्टी

24. भारत का सुदूर दक्षिण में 'इन्दिरा प्वाइन्ट' निम्नलिखित में से कहाँ स्थित है?
(A) तमिलनाडु
(B) छोटा निकोबार
(C) बड़ा निकोबार
(D) कार निकोबार द्वीप

25. सूची-I (नदी घाटी योजना) को सूची-II (नदी) से कूट के आधार पर मिलाइये –

| सूची-I (नदी घाटी योजना) | | सूची-II (नदी) | |
|---|---|---|---|
| (a) | शिव समुद्रम | 1. | भागीरथी |
| (b) | नागार्जुन सागर | 2. | कावेरी |
| (c) | जायकवाड़ी | 3. | गोदावरी |
| (d) | टिहरी | 4. | कृष्णा |

| कूट : | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

26. निम्नलिखित में से संविधान सभा की संघ संविधान समिति (Union Constitution Committee) का अध्यक्ष कौन था?

(A) बी.आर. अम्बेडकर
(B) जे.बी. कृपलानी
(C) जवाहर लाल नेहरू
(D) अलादि कृष्णास्वामी अय्यर

27. भारत में पंचायती राज प्रणाली का शुभारम्भ कब हुआ?

(A) 5 जुलाई 1957
(B) 2 अक्टूबर 1959
(C) 14 नवम्बर 1959
(D) 3 दिसम्बर 1960

28. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'पंथनिरपेक्ष' शब्द जोड़ा गया –

(A) 44 वें संशोधन द्वारा
(B) 52 वें संशोधन द्वारा
(C) 42 वें संशोधन द्वारा
(D) 25 वें संशोधन द्वारा

29. भारत सरकार द्वारा वित्त विधेयक किस सदन में पेश किया जाता है?

(A) राज्य सभा में
(B) विधान सभा में
(C) लोक सभा में
(D) विधान परिषद् में

30. 'ऑपरेशन क्लीन आर्ट' है –

(A) भारत और पाकिस्तान सीमा से सटे क्षेत्रों से आतंकी शिविरों को नष्ट करने का अभियान।
(B) नेवलों के बालों के गैर-कानूनी व्यापार पर नियन्त्रण का अभियान।
(C) हाथियों के दाँत की तस्करी पर नियन्त्रण का अभियान।
(D) नक्सली हमलों को रोकने के लिये सशस्त्र अभियान।

31. वर्तमान में भारत के नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) कौन हैं?

(A) जी.सी. मुर्मू
(B) विनोद राय
(C) राजीव महर्षि
(D) इनमें से कोई नहीं

32. भारत के राष्ट्रपति के 'निर्वाचक मण्डल' में कौन शामिल नहीं होता है –
(A) लोक सभा के निर्वाचित सदस्य
(B) राज्य सभा के निर्वाचित सदस्य
(C) राज्य विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्य
(D) राज्य विधान परिषदों के निर्वाचित सदस्य

33. कपास का प्रमुख घटक है –
(A) सैलुलोस
(B) प्रोटीन
(C) टैनिन
(D) थाइमीन

34. वर्णान्ध व्यक्ति किन रंगों में भेद नहीं कर सकता है –
(A) लाल एवं हरा
(B) हरा एवं पीला
(C) लाल एवं पीला
(D) सभी रंगों में

35. सर्वाधिक धात्विक खनिज पाये जाते हैं –
(A) विन्ध्यक्रम की चट्टानों में
(B) गोंडवाना क्रम की चट्टानों में
(C) धारवाड़ क्रम की चट्टानों में
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

36. गोविन्द बल्लभ पन्त सागर नामक कृत्रिम झील स्थित है –
(A) चंबल परियोजना में
(B) टिहरी बाँध परियोजना में
(C) रिहन्द बाँध परियोजना में
(D) हीराकुण्ड परियोजना में

37. 'सैटेनिक वर्सेज' नामक पुस्तक के लेखक हैं –
(A) तसलीमा नसरीन
(B) विक्रम सेठ
(C) अरूंधती राय
(D) सलमान रश्दी

38. रैयतबाड़ी भूमि लगान व्यवस्था में भूमि पर अधिकार था –
(A) कृषक के पास
(B) ज़मींदार के पास
(C) जनता के पास
(D) इनमें से किसी के पास नहीं

39. केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान स्थित है –

(A) लखनऊ

(B) नई दिल्ली

(C) शिमला

(D) इनमें से कोई नहीं

40. ब्रिक्स (BRICS) का 11वाँ शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ था –

(A) नई दिल्ली

(B) ब्राजीलिया

(C) मास्को

(D) बीजिंग

41. ज्ञानपीठ पुरस्कार के बारे में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है –

(A) यह संविधान में शामिल 22 भाषाओं में साहित्यिक योगदान हेतु दिया जाता है।

(B) प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार 1965 में दिया गया।

(C) 2019 का 55वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार मलयालम कवि अक्कीथम को दिया गया।

(D) प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार हिन्दी भाषा के कवि सुमित्रानन्दन पंत को दिया गया।

42. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प वायुमण्डल के स्तरों एवं उनके अभिलक्षणों के सुमेलन में सही है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | क्षोभ मण्डल | - | मौसम सम्बन्धी घटनायें |
| (2) | समताप मण्डल | - | ओज़ोन पर्त |
| (3) | आयन मण्डल | - | पृथ्वी की सतह की ओर परिवर्तित रेडियो तरंगें |
| (4) | आयन मण्डल | - | ध्रुव ज्योति |

(A) 1, 2 तथा 3

(B) 2 तथा 3

(C) 1, 2, 3 तथा 4

(D) 1, 2 तथा 4

43. गौतम बुद्ध के दर्शन से सम्बन्धित विषयों को संकलित किया गया है –

(A) विनय पिटक में

(B) सुत्त पिटक में

(C) अभिधम्म पिटक में

(D) इनमें से कोई नहीं

44. अंटार्कटिका के सर्वोच्च पर्वत शिखर 'माउन्ट विन्सन' का सफल आरोहरण करने वाली पहली दिव्यांग महिला पर्वतारोही है-

(A) अरूणिमा सिन्हा

(B) चानहाओ-चिंग

(C) बछेन्द्री पाल

(D) इनमें से कोई नहीं

D

45. 22 वाँ फीफा विश्व कप फुटबॉल (2022) का आयोजन होगा –

(A) भारत में

(B) जापान में

(C) पेरिस में

(D) कतर में

46. नरसिम्हन समिति संबंधित है –

(A) कृषि सुधार से

(B) भूमि सुधार से

(C) बैंकिंग क्षेत्र के सुधार से

(D) श्रम सुधार से

47. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन पृथ्वी की स्थिति के सम्बन्ध में **सत्य** है –

(A) पृथ्वी की अक्ष एक वास्तविक रेखा हैं, जो इसके कक्षीय समतल से 23½ अंश का कोण बनाती है।

(B) पृथ्वी की अक्ष एक काल्पनिक रेखा है, जो इसके कक्षीय समतल से 66½ अंश का कोण बनाती है।

(C) पृथ्वी की अक्ष एक काल्पनिक रेखा है, जो इसके कक्षीय समतल से 23½ अंश का कोण बनाती है।

(D) पृथ्वी की अक्ष एक वास्तविक रेखा है, जो इसके कक्षीय समतल से 66½ अंश का कोण बनाती है।

48. 26 जनवरी, 2020 को भारत के गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कौन थे?

(A) लुइस इडुरडो रैमोस

(B) जोर्ग डी ओलिविरा फ्रांसिस्को

(C) आंद्रे लुइज अलमीडा

(D) जेयर मेसियस बोल्सोनारो

49. दिसम्बर 2019 में कोरोना वायरस के संक्रमण की शुरूआत किस शहर से हुई?

(A) पूसान

(B) शंघाई

(C) बीजिंग

(D) वुहान

50. वर्ष के प्रारम्भ से लेकर अन्त तक होने वाली टेनिस की ग्रैण्ड स्लैम प्रतियोगिताओं के आयोजन का सही क्रम कौन सा है?


(A) आस्ट्रेलियन ओपेन - फ्रेंच ओपेन - विम्बलडन - अमेरिकन ओपेन

(B) अमेरिकन ओपेन - फ्रेंच ओपेन - विम्बलडन - आस्ट्रेलियन ओपेन

(C) आस्ट्रेलियन ओपेन - विम्बलडन - फ्रेंच ओपेन - अमेरिकन ओपेन

(D) विम्बलडन - आस्ट्रेलियन ओपेन - फ्रेंच ओपेन - अमेरिकन ओपेन


51. नीचे दी गयी आकृति के निर्माण के लिये सीधी (सरल) रेखाओं की न्यूनतम संख्या है -




(A) 11 (B) 13 (C) 15 (D) 21

52. नीचे दी गयी उत्तर आकृतियों में से उस उत्तर आकृति को चुनिये जिसमें प्रश्न आकृति सन्निहित है -

प्रश्न आकृति




उत्तर आकृतियाँ




(A) (B) (C) (D)

53. दिये गये चार विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जिसे खाली जगह (?) में रखे जाने पर वह पैटर्न को पूरा करे -





पैटर्न




(A) (B) (C) (D)

54. निम्न प्रश्न में दिये गये चार विकल्पों में से आकृति (X) के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए -




X




(A) (B) (C) (D)

D

55. नीचे आकृति (X) में दिये गये टुकड़ों से कौन सी आकृति [विकल्प (A), (B), (C) व (D) में से] का गठन किया जा सकता है-




(X)



(A) (B) (C) (D)

56. 6 के विपरीत सतह पर कौन सी संख्या है, यदि एक पासे की चार अलग-अलग स्थितियों को नीचे दिखाया गया है-




(A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4

57. निम्नलिखित संख्या श्रृंखला के लिये सही विकल्प चुनिये जो श्रृंखला के पैटर्न को जारी रखे और दी गयी श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) को प्रतिस्थापित करे -

4, 9, 25, ?, 121, 169, 289, 361

(A) 49
(B) 64
(C) 81
(D) 100

58. 'यदि A और B, D के बच्चे हैं, तो A का पिता कौन है?' यह जानने के लिये निम्न में से किस कथन की आवश्यकता पड़ेगी?

1. C, A का भाई और E का पिता है।
2. F, A की माता है।

(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) 1 अथवा 2
(D) 1 और 2 दोनों

59. निर्देश : दिये गये शब्दों को उचित (अर्थपूर्ण) क्रम में लगाइए -

1. परिवीक्षा 2. साक्षात्कार 3. चयन 4. नियुक्ति 5. विज्ञापन 6. आवेदन

(A) 5, 6, 3, 2, 4, 1
(B) 5, 6, 2, 3, 4, 1
(C) 5, 6, 4, 2, 3, 1
(D) 6, 5, 4, 2, 3, 1

60. अजय के पास कुल 480 रुपये हैं। इनमें एक रुपये, पाँच रुपये एवं दस रुपये के नोट हैं। तीनों मूल्य वर्ग के नोटों की संख्या बराबर है। उसके पास कुल नोटों की संख्या क्या होगी?

(A) 45
(B) 60
(C) 75
(D) 90

61. अमर और कविता एक ही कक्षा में पढ़ते हैं। अमर ने एक दिन में 225 पृष्ठ की पुस्तक के 80 पृष्ठ पढ़े। कविता ने भी एक दिन में उसी पुस्तक के 2/5 पृष्ठ पढ़े। उक्त जानकारी के आधार पर निम्न कथनों में कौन सा एक कथन सत्य है?

(A) अमर ने कविता से अधिक पृष्ठ पढ़े।
(B) कविता ने अमर से अधिक पृष्ठ पढ़े।
(C) अमर ने कविता से 35 पृष्ठ अधिक पढ़े।
(D) कथन A और B दोनों सत्य हैं।

62. नीचे दिये गये समीकरण को गणितीय रूप से सही बनाने के लिये किन दो चिन्हों को परस्पर स्थानान्तरित (बदलना) करना चाहिये?

$19 \times 4 + 26 \div 13 - 6 = 80$

(A) × & ÷
(B) × & +
(C) + & ÷
(D) + & −

63. सुमन, कविता से लम्बी है, लेकिन राधा से छोटी है। गीता, पूजा से छोटी है और पूजा, कविता जितनी लम्बी नहीं है। यदि सभी एक पंक्ति में अपनी ऊँचाई के अनुसार खड़ी हों तो मध्य में कौन होगा?
(A) राधा
(B) पूजा
(C) कविता
(D) सुमन

64. कुछ बालक एक पंक्ति में बैठे हैं। P बाँये से चौदहवें स्थान पर तथा Q दाँये से सातवें स्थान पर बैठा है। यदि P और Q के मध्य चार बालक हैं तो पंक्ति में कुल कितने बालक हैं?
(A) 25
(B) 23
(C) 21
(D) इनमें से कोई नहीं

65. यदि PRINT को RUMSZ द्वारा कोडित किया जाय, तो DRINK का कोड होगा –
(A) FUMSP
(B) FUMSQ
(C) GUMSR
(D) GUMSP

66. निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिए -
1. सभी अनुभव सुखद होते हैं।
2. कुछ अनुभव सुखद होते हैं।
3. कोई अनुभव सुखद नहीं होता।
4. कुछ अनुभव सुखद नहीं होते।
यदि दिया हो कि कथन 4 सत्य है, तो क्या निष्कर्ष निश्चित रुप से निकाला जा सकता है?
(A) 1 और 2 सत्य हैं
(B) 1 असत्य है
(C) 2 असत्य है
(D) 3 सत्य है

67. राम पश्चिम की ओर चलना शुरु करता है। 10 मी. चलने के बाद वह उत्तर की ओर मुड़ता है। 20 मी. चलने के बाद वह पूर्व की ओर मुड़ता है और 10 मी. चलता है। वह अपने मूल बिन्दु से कितनी दूर है तथा किस दिशा में?
(A) 10 मी. दक्षिण
(B) 20 मी. दक्षिण
(C) 20 मी. उत्तर
(D) 10 मी. उत्तर

68. आनन्द, रानी का पुत्र है। राजीव, रानी का भाई है। नेहा की एक बेटी है, रश्मि। नेहा, राजीव की बहन है। आनन्द का रश्मि के साथ क्या रिश्ता है?

(A) चाचा
(B) जीजा
(C) मौसेरा भाई
(D) कोई सम्बन्ध नहीं

69. सीमा, सुमित से आयु में दो गुनी है। तीन वर्ष पूर्व वह सुमित से आयु में तीन गुना थी। इस समय सीमा की आयु क्या है?

(A) 6 वर्ष
(B) 7 वर्ष
(C) 8 वर्ष
(D) 12 वर्ष

70. निम्नांकित श्रेणी में प्रश्नसूचक चिन्ह (?) के स्थान पर निम्नलिखित में से क्या आयेगा?

6C7, 8F10, 11J14, 15O19, ?

(A) 20 U 24
(B) 20 U 25
(C) 25 U 20
(D) 19 U 25

**निर्देश (प्रश्न संख्या - 71 से 73)** - निम्नलिखित जानकारियों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके इन पर आधारित प्रश्नों (प्रश्न सं. 71, 72, 73 ) का उत्तर दीजिए -

(i) पाँच नाटकों A, B, C, D और E का सोमवार से शुक्रवार तक लगातार मंचन होना है।
(ii) 'C' का मंचन 'A' के ठीक बाद होना है तथा 'C' और 'D' के बीच दो नाटकों का मंचन होना है।
(iii) सर्वप्रथम 'B' का मंचन होगा।

71. नाटक 'C' किस दिन मंचित होगा?

(A) मंगलवार
(B) बुधवार
(C) शुक्रवार
(D) इनमें से कोई नहीं

72. 'E' और 'B' के बीच कितने नाटकों का मंचन होगा?

(A) एक
(B) दो
(C) तीन
(D) इनमें से कोई नहीं

D

73. नाटकों के मंचन का सही क्रम क्या होगा?

(A) BDEAC

(B) BACED

(C) BEDAC

(D) इनमें से कोई नहीं

74. यदि अगस्त की 28 तारीख को रविवार हो, तो 22 दिन पहले सप्ताह का कौन-सा दिन था?

(A) मंगलवार

(B) शनिवार

(C) सोमवार

(D) बुधवार

75. यदि किसी घड़ी में 8 बजकर 20 मिनट हो रहा है तो उस वक्त घंटा और मिनट की सूई के बीच निम्न में से कितने डिग्री का कोण स्थापित होगा?


(A) $110^0$

(B) $120^0$

(C) $130^0$

(D) $140^0$

76. नीचे दिये गये आरेख में रिक्त स्थान (?) पर कौन-सी संख्या आएगी?





(A) 144

(B) 168

(C) 169

(D) 196

77. नीचे दिये गये आरेख में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर दिए गए विकल्पों में से कौन सी संख्या आएगी?




(A) 20

(B) 25

(C) 50

(D) 75

78. एक समूह के आठ सदस्यों ने एक दूसरे से एक बार हाथ मिलाया। कुल कितने बार हाथ मिलाये गये?

(A) 64

(B) 56

(C) 16

(D) 28

79. अगर हम शब्द BRACADABRA को पुनर्व्यवस्थित करके अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में लिखें, तो आपको मूल शब्द के समान ही कितने अक्षरों की समान स्थिति मिलेगी?

(A) 2

(B) 3

(C) 4

(D) 5

80. चार बच्चे एक पंक्ति में बैठे हैं। P, Q की बगल वाली सीट पर बैठा है, लेकिन R के बगल में नहीं। यदि R, S के बगल में नहीं बैठा है, तो S के अगल-बगल की सीट/सीटों पर कौन है/हैं?

(A) केवल Q

(B) केवल P

(C) Q और P

(D) आँकड़े अपर्याप्त हैं

81. अगर कोड भाषा में DELHI को 12345 लिखा गया है और KOLKATA को 6736898 लिखा गया है, तो उसी भाषा में HOTEL को लिखा जायेगा -

(A) 43298

(B) 47923

(C) 47928

(D) 51973

82. एक पार्टी आयोजित की गई जिसमें दादी, पिता, माता, चार पुत्र व उनकी पत्नियाँ और प्रत्येक पुत्र के एक पुत्र एवं दो पुत्रियाँ उपस्थित थे। पार्टी में उपस्थित महिलाओं की संख्या कितनी है?

(A) 12

(B) 14

(C) 18

(D) 24

D

83. निम्नलिखित श्रृंखला में कौन प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा –

श्रृंखला : BEH, KNQ, TWZ, ?

(A) CFI
(B) DGH
(C) PRS
(D) FIJ


84. निम्नलिखित अनुक्रम की पूर्णता हेतु चारों में से सही विकल्प का चयन कीजिए –

— A — A — — BAB — B – BABA


(A) BBABAA
(B) BBBAAA
(C) ABABBA
(D) BBAABB

**निर्देश (प्रश्न संख्या - 85 से 86)** - नीचे दी गयी प्रश्न आकृतियों में क्रमबद्ध रूप से एक निश्चित पैटर्न है। उत्तर आकृतियों में से उस आकृति को चुनिए जो प्रश्न आकृतियों में दिये गये पैटर्न को जारी रखेगी -

85. प्रश्न आकृतियाँ




उत्तर आकृतियाँ




(A) (B) (C) (D)

86. प्रश्न आकृतियाँ





उत्तर आकृतियाँ



(A) (B) (C) (D)


**निर्देश (प्रश्न संख्या - 87 से 88)** - आकृति (i) और (ii) के बीच एक निश्चित संबंध है। उत्तर आकृतियों में से एक आकृति का चयन करके (iii) और (iv) के बीच एक समान सम्बन्ध स्थापित कीजिए जो प्रश्न आकृति में प्रश्न चिन्ह (?) का स्थान लेगी -

87. प्रश्न आकृतियाँ





(i) (ii) (iii) (iv)

उत्तर आकृतियाँ




(A) (B) (C) (D)

88. प्रश्न आकृतियाँ




(i) (ii) (iii) (iv)

उत्तर आकृतियाँ



(A) (B) (C) (D)

89. निम्न श्रृंखला के अगले दो पदों को ज्ञात कीजिए-

A, C, F, J, ?, ?

(A) N, S
(B) N, T
(C) O, U
(D) O, T

90. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द बाढ़, भूस्खलन, चक्रवात के समान है -

(A) नुकसान
(B) भूकंप
(C) वर्षा
(D) दुर्घटना

91. एक बस स्टैंड से दिल्ली के लिये बस हर तीस मिनट में निकलती है। पूछताछ खिड़की पर क्लर्क ने एक यात्री को बताया कि बस दस मिनट पहले जा चुकी है और अगली बस 9:35 A.M. पर प्रस्थान करेगी। क्लर्क ने यात्री को यह जानकारी किस समय दी-

(A) 9 : 10 A.M.
(B) 9 : 05 A.M.
(C) 8 : 55 A.M.
(D) 9 : 15 A.M.

D


92. नेफ्थलीन का संबंध ऊनी वस्त्र से उसी तरह है जैसे एंटीबायोटिक्स का संबंध है –

(A) रोगाणु से
(B) दवा से
(C) रोग से
(D) शरीर से

93. निम्न प्रश्न में चार शब्द दिये गये हैं, जिनमें से तीन किसी न किसी रूप में समान हैं जबकि चौथा एक अलग है। विजातीय को चुनिए –

(A) ताँबा
(B) जस्ता
(C) पीतल
(D) एल्यूमिनियम

94. हिंदी (H), अंग्रेजी (E) और संस्कृत (S) के अपने ज्ञान के सन्दर्भ में 1000 व्यक्तियों का एक सर्वेक्षण का परिणाम नीचे दिया गया है –




सभी तीन भाषाओं को जानने वाले और संस्कृत नहीं जानने वाले व्यक्तियों का अनुपात है –

(A) 5 : 27
(B) 5 : 21
(C) 11 : 27
(D) 10 : 21

95. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अंग्रेजी शब्दकोष में चौथे स्थान पर होगा –

(A) Electric
(B) Electron
(C) Elector
(D) Electrode

96. 'NOT' शब्द के किन्हीं भी दो वर्णों का प्रयोग करके अंग्रेजी के कितने सार्थक शब्द बनाये जा सकते हैं -

(A) एक
(B) दो
(C) तीन
(D) तीन से अधिक

97. एक पार्किंग स्थल में 36 वाहन एक पंक्ति में पार्क किये गये हैं। पहली कार के बाद एक स्कूटर है, दूसरी कार के बाद दो स्कूटर हैं, तीसरी कार के बाद तीन स्कूटर हैं और इसी तरह आगे भी हैं। पंक्ति के दूसरे आधे भाग में स्कूटरों की संख्या होगी –

(A) 15 (B) 16

(C) 13 (D) 14


98. उस संख्या का पता लगायें जो खुद में 13 बार जोड़ने के बाद 112 देती है -

(A) 7 (B) 8

(C) 9 (D) इनमें से कोई नहीं


**निर्देश (प्रश्न संख्या 99 से 100) :** निम्न प्रश्नों में दी गयी चार आकृतियों (A), (B), (C) व (D) में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं तथा एक आकृति अन्य तीन की तरह नहीं है। वह आकृति चुनिये जो अन्य से अलग हो –

99.



(A) (B) (C) (D)

100.



(A) (B) (C) (D)

**D**

101. दो संख्याएं 3 : 5 के अनुपात में हैं। यदि दोनों संख्याओं में 8 जोड़ा जाय, तो उनका अनुपात 2 : 3 हो जाता है। उक्त संख्याएं होंगी –

(A) 9 और 15
(B) 20 और 30
(C) 21 और 35
(D) 24 और 40

102. $\left(1+\frac{1}{2}\right)\left(1-\frac{1}{2}\right)\left(1+\frac{1}{3}\right)\left(1-\frac{1}{3}\right)\left(1+\frac{1}{4}\right)\left(1-\frac{1}{4}\right)$
का संक्षिप्त मान होगा :

(A) 1
(B) 5/4
(C) 5/8
(D) 8/5

103. एक आदमी 9 किमी./घंटा की चाल से दौड़ता है और प्रत्येक एक किमी. के बाद वह 9 मिनट आराम करता है। वह 27 किमी. की दूरी तय करने में कितना समय लेगा?

(A) 6 घंटे
(B) 7 घंटे
(C) 6 घंटे 54 मिनट
(D) 7 घंटे 3 मिनट

104. एक ईंट की माप 20 सेमी. × 10 सेमी. × 7.5 सेमी. है तो 20 मी. × 2 मी. × 0.75 मी. माप की दीवार बनाने में कितनी ईंटें लगेंगी?

(A) 50,000
(B) 10,000
(C) 2,000
(D) 20,000

105. $\left(\frac{64}{125}\right)^{-2/3}$ का सरलीकृत मान होगा –

(A) 16/25
(B) 25/16
(C) –25/16
(D) –16/25

106. दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक एवं लघुत्तम समापवर्त्य क्रमशः 21 और 84 हैं। यदि उन संख्याओं का अनुपात 1 : 4 है, तो दोनों संख्याओं में से बड़ी संख्या होगी –

(A) 84
(B) 108
(C) 48
(D) 12

107. 1470 को किस छोटी से छोटी संख्या से भाग दिया जाए कि प्राप्त भागफल एक पूर्ण वर्ग हो?

(A) 6
(B) 5
(C) 15
(D) 30

108. यदि एक संख्या का 1/7, इसके 1/11 हिस्से से 100 अधिक है तो वह संख्या होगी –

(A) 7700
(B) 1925
(C) 1825
(D) 7800

109. 7777777777 ÷ 77 का मान है –

(A) 11111
(B) 1010101
(C) 1111
(D) 101010101

110. A, B और C की वर्तमान आयु का योग 90 वर्ष है। 6 वर्ष पहले उनकी आयु में 1 : 2 : 3 का अनुपात था। C की वर्तमान आयु कितनी है?

(A) 45 वर्ष
(B) 36 वर्ष
(C) 42 वर्ष
(D) 40 वर्ष

111. तीन संख्याओं का अनुपात 1 : 2 : 3 है। यदि इनके वर्गों का योग 126 है तो संख्याएं होंगीः

(A) 2, 4, 6
(B) 1, 2, 3
(C) 3, 6, 9
(D) 4, 8, 12

112. नीचे दिये गए प्रश्न में प्रश्न चिन्ह के स्थान पर क्या आयेगा?

$$\frac{25 \times 24 + 28 \times 10}{240 \div 60 + 60 \div 5} = ?$$

(A) 68.75
(B) 392.5
(C) 55
(D) $18\frac{1}{3}$

113. निम्न में से कौन सी संख्या 9 से पूर्णतया विभाजित होगी –

(A) 1478287

(B) 2316099

(C) 9478107

(D) 1521098

114. $7^8$ में इकाई का अंक है –

(A) 1

(B) 7

(C) 9

(D) 6

115. नौ संख्याओं का औसत 30 है। प्रथम पाँच संख्याओं का औसत 25 है एवं अंतिम तीन संख्याओं का औसत 35 है, तो छठी संख्या ज्ञात कीजिए –

(A) 20

(B) 30

(C) 40

(D) 50

116. दो संख्याओं का योग 45 है तथा उनका अंतर 5 है। उनका लघुत्तम समापवर्त्य होगा –

(A) 250

(B) 225

(C) 100

(D) 9

117. 1475 में 7 के स्थानीय मान एवं अंकित मान का अन्तर होगा-

(A) 70

(B) 77

(C) 63

(D) 7

118. किसी संख्या के 60% में से 60 घटाने पर परिणाम 60 आता है तो वह संख्या क्या है?

(A) 120

(B) 150

(C) 60

(D) 200

119. समान आयतन के दो गिलास क्रमशः आधे और तीन-चौथाई दूध से भरे हैं। बाद में उनमें पानी मिलाकर उन्हें लबा-लब भर कर एक बर्तन में उड़ेल दिया जाता है। इस बर्तन में दूध का पानी से क्या अनुपात है?

(A) 1 : 3
(B) 2 : 1
(C) 3 : 5
(D) 5 : 3

120. 2 और 5 के मध्य कुल कितनी परिमेय संख्याएं होती हैं?

(A) 1
(B) 2
(C) 3
(D) अनन्त

121. $1+\frac{3}{2}\div\frac{2}{7}\times\frac{4}{3}+4\left\{\left(8-4\times 8 \text{ का} \frac{1}{4}-1\right)+\frac{1}{2}\right\}$ का मान होगा-

(A) 5
(B) 6
(C) $\frac{13}{7}$
(D) इनमें से कोई नहीं

122. एक वस्तु के लागत (क्रय) मूल्य और विक्रय मूल्य का अनुपात 20 : 21 है, तो प्रतिशत लाभ बताइये–

(A) 5%
(B) 5.5%
(C) 20%
(D) 105%

123. यदि किसी संख्या के एक-तिहाई का सातवाँ भाग 15 है, तो उस संख्या का 2/5 भाग है-

(A) 158
(B) 162
(C) 126
(D) 42

124. एक विक्रेता अपने सामान को 20% की छूट के साथ बेचता है और अभी भी वह 25% का लाभ कमाता है। यदि वह इस सामान को इसके अंकित मूल्य पर बेचे तो उसे कितने प्रतिशत का लाभ होगा?

(A) 25.56
(B) 36
(C) 56.25
(D) 156.25

**D**

125. यदि $m^2 + \frac{1}{m^2} = 11$ है तो $m - \frac{1}{m}$ का मान होगा-

(A) ±3
(B) 4
(C) ±5
(D) ±1

126. एक कार 2 : 30 PM पर 60 किमी./घंटा की चाल से यात्रा पर निकलती है। ठीक 30 मिनट बाद दूसरी कार, जो कि 75 किमी./घंटा की चाल से चल रही है, पहली वाली कार का पीछा करती है। कितने बजे दूसरी कार पहली कार को पकड़ लेगी?

(A) 4 : 00 PM
(B) 4 : 30 PM
(C) 5 : 00 PM
(D) 5 : 30 PM

127. किसी संख्या को 899 से भाग देने पर 63 शेष रहता है। यदि उसी संख्या को 29 से भाग दिया जाय, तो शेष क्या रहेगा ?

(A) 2
(B) 5
(C) 13
(D) 28

128. एक बाँस का 1/5 भाग हरा, 1/4 भाग लाल तथा 1/3 भाग पीला है। यदि शेष भाग, जो 65 सेमी. है, बिना रंगा है तो बाँस की कुल लम्बाई क्या है?

(A) 2.7 मी.
(B) 3.0 मी.
(C) 3.3 मी.
(D) इनमें से कोई नहीं

129. किसी वृत्त का व्यास 25% बढ़ाने पर उसका क्षेत्रफल कितना प्रतिशत बढ़ेगा?

(A) 25%
(B) 56.25%
(C) 62.5%
(D) 125%

130. A, B से दोगुना तथा B, C से तीन गुना तेज दौड़ता है। यदि C एक निश्चित यात्रा को 1½ घंटे में पूरी करे तो A कितने समय में यात्रा पूरी करेगा?

(A) 15 मिनट
(B) 30 मिनट
(C) 9 घंटे
(D) इनमें से कोई नहीं

131. $\frac{0.75 \times 0.75 \times 0.75 + 0.25 \times 0.25 \times 0.25}{0.75 \times 0.75 - 0.75 \times 0.25 + 0.25 \times 0.25}$

का मान होगाः

(A) 0.50 (B) 1.25

(C) 1.0 (D) 1.5

132. एक नाव 8 घंटे में 40 किमी. धारा के प्रतिकूल दिशा में जाती है जबकि 6 घंटे में 36 किमी. धारा की दिशा में जाती है, तो शान्त जल में नाव की चाल क्या होगी?

(A) 6.5 किमी./घंटा (B) 2 किमी./घंटा

(C) 5.5 किमी./घंटा (D) 7 किमी./घंटा

133. अशोक का वेतन कुलदीप से 20% अधिक है। बताइये कि कुलदीप का वेतन अशोक से कितने प्रतिशत कम है?

(A) 20 (B) 25

(C) $16\frac{2}{3}$ (D) $33\frac{1}{3}$

134. दो घनों के आयतनों का अनुपात 1: 27 है तो उनके संपूर्ण पृष्ठ क्षेत्रफलों का अनुपात होगाः

(A) 1 : 3 (B) 9 : 1

(C) 1 : 9 (D) 1 : 27

135. एक आयताकार मैदान का क्षेत्रफल 150 वर्ग मी. है और इसका परिमाप 50 मी. है। मैदान की लम्बाई व चौड़ाई होगी –

(A) 25 मी. व 6 मी. (B) 30 मी. व 5 मी.

(C) 20 मी. व 5 मी. (D) 15 मी. व 10 मी.

136. 6 सेमी. भुजा के समबाहु त्रिभुज के शीर्ष से आधार पर डाले गये लम्ब की लम्बाई क्या होगी?

(A) 6 सेमी.

(B) 3 सेमी.

(C) $3\sqrt{3}$ सेमी.

(D) $3\sqrt{2}$ सेमी.

137. $\sqrt[3]{4\frac{17}{27}}$ का मान होगा –

(A) 25/9

(B) $2\frac{\sqrt{17}}{3}$

(C) 3/5

(D) 5/3

138. दो अलग-अलग प्रकार की चाय पत्ती जिनकी कीमत ₹ 120 प्रति किग्रा. व ₹ 150 प्रति किग्रा. है, को 1: 2 के अनुपात में मिश्रित किया जाता है। इस मिश्रण की औसत कीमत प्रति किग्रा. क्या होगी?

(A) ₹ 135

(B) ₹ 140

(C) ₹ 130

(D) ₹ 145

139. दो पूर्ण संख्याओं का अनुपात 1 : 2 है और उनका गुणनफल 72 है। उन संख्याओं का योग होगाः


(A) 22

(B) 24

(C) 27

(D) 18

140. नीचे दिये गये समकोण त्रिभुज के परिमाप व क्षेत्रफल का अनुपात क्या होगा?




(A) 1 : 2

(B) 2 : 1

(C) 3 : 4

(D) 1 : 1

141. एक खाद्य भण्डार में 45 बच्चों के लिए 60 दिन की खाद्य सामग्री उपलब्ध है। वही भण्डार 27 बच्चों के लिए कितने दिन के लिए पर्याप्त होगा –

(A) 45 दिन
(B) 80 दिन
(C) 100 दिन
(D) 110 दिन

142. यदि $\frac{3+\sqrt{7}}{3-\sqrt{7}} + \frac{3-\sqrt{7}}{3+\sqrt{7}} = a + b\sqrt{7}$ हो तो a व b का मान होगा –

(A) a=8, b=0
(B) a=0, b=8
(C) a=1, b=0
(D) इनमें से कोई नहीं

143. अमित किसी काम का 1/2 भाग 10 दिन में पूर्ण करता है, जबकि रजतराज उसी काम का 1/3 भाग 10 दिन में पूर्ण करता है। दोनों को एक साथ काम पर लगाने में उसी काम को वे कितने दिन में पूर्ण करेंगे?

(A) 5
(B) 10
(C) 12
(D) 25

144. एक छात्र को किसी विषय में पास होने के लिए 40% अंक लाने हैं। यदि वह 20 अंक लाता है और 12 अंक से फेल हो जाता है, तो उस विषय का पूर्णांक होगा –

(A) 32
(B) 50
(C) 80
(D) 100


145. 25 छात्रों के औसत अंक 78.4 पाये गये जबकि बाद में पता चलता है कि एक छात्र के अंक 96 की जगह गलती से 69 पढ़े गये। अब नये सही औसत अंक होंगे –

(A) 79.48
(B) 79
(C) 78.48
(D) 77.32

146. प्रतिवर्ष साधारण ब्याज की किस दर से कोई धन 15 वर्ष में स्वयं का चार गुना हो जायेगा?

(A) 8%
(B) 10%
(C) 15%
(D) 20%

147. नीचे दिये गये किसी परिवार के खर्च के पाई चार्ट में यदि भोजन मद में खर्च ₹ 10,000 प्रतिमाह है, तो परिवार का प्रतिमाह शिक्षा मद में खर्च बताइये?




(A) ₹ 40,000
(B) ₹ 8,000
(C) ₹ 12,000
(D) ₹ 9,000

148. वह न्यूनतम संख्या जो 12, 15, 20 से विभाज्य एवं पूर्ण वर्ग हो, वह है –

(A) 400
(B) 900
(C) 1600
(D) 3600

149. एक डिब्बा जिसमें एक दर्जन अण्डे हैं, गिर जाता है और कुछ अण्डे टूट जाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा टूटे हुए अण्डों का साबूत अण्डों से अनुपात नहीं हो सकता है?

(A) 5 : 7
(B) 1 : 4
(C) 1 : 2
(D) 1 : 5

150. एक साइकिल का पहिया जिसका व्यास 56 सेमी. है, वह 13.2 किमी. की दूरी तय करने के लिए कितने चक्कर लगायेगा?

(A) 1500
(B) 7500
(C) 3000
(D) इनमें से कोई नहीं

151. अध्यापन प्रारंभ करने से पूर्व शिक्षक को चाहिए कि–

(A) वह अपने विद्यार्थियों के वर्तमान तथा भूत के विषय में जाने।

(B) वह विद्यार्थियों के मस्तिष्क में काम कर रहे वातावरण के विचलनों से भिज्ञ हो।

(C) वह अपने विद्यार्थियों की जिज्ञासा को उजागर करने में सक्षम हो।

(D) उपर्युक्त सभी

152. शिक्षण का पहला चरण है–

(A) पहले से योजना बनाना।

(B) पाठ्य-सामग्री को सुसंगठित करना।

(C) विद्यार्थियों की पृष्ठभूमि को जानना।

(D) इनमें से कोई नहीं।

153. कल्पना कीजिए कि आप एक महत्वाकांक्षी अध्यापक हैं। आप कक्षाध्यापन के विषय में अत्यंत ऊँचा आदर्श रखते हैं, किन्तु आपका कठिन परिश्रम कारगर नहीं होता। इस समस्या के पीछे कारण हो सकता है कि–

(A) आपके शिक्षण का स्तर विद्यार्थियों की क्षमता से अधिक ऊँचा है।

(B) छात्रों के मध्य जो व्यक्तिगत भिन्नता है, वह आपके प्रयास को नष्ट कर देती है।

(C) (A) और (B) दोनों

(D) (A) और (B) में से कोई नहीं

154. सीखने का सबसे समुचित तात्पर्य है-

(A) ज्ञान देना

(B) व्यवहार में परिवर्तन

(C) व्यक्तिगत रूप से माहौल में ढलना

(D) हुनर की प्राप्ति

155. कक्षा-शिक्षण में श्रव्य-दृश्य सामग्री के उपयोग का सबसे बड़ा लाभ है-
(A) छात्रों को पुस्तकीय ज्ञान पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है।
(B) सीखना, सरल और रोचक हो जाता है।
(C) सीखने का सारा दायित्व छात्र पर निर्भर होता है।
(D) छात्रों को कम अध्ययन करना पड़ता है।

156. शिक्षक को आशावादी क्यों होना चाहिए-
(A) वह विनोदप्रिय बन सकेगा।
(B) वह अपने छात्रों को भी आशावादी बना सकेगा।
(C) वह छात्रों में अच्छी आदतें डाल सकेगा।
(D) वह कक्षा को अनुशासनप्रिय बना सकेगा।

157. शरारती छात्रों के साथ शिक्षक का व्यवहार होना चाहिए-
(A) कठोर
(B) विनम्र, किन्तु दृढ़
(C) तटस्थ
(D) सहानुभूतिपूर्ण

158. कक्षा-शिक्षण की व्यवस्था निर्भर करती है-
(A) प्रधानाचार्य की शैक्षिक योग्यता पर
(B) शिक्षक की व्यावसायिक निपुणता पर
(C) अन्य शिक्षकों के सहयोग पर
(D) विद्यालय की साज सज्जा पर

159. यदि छात्रों का शैक्षिक रिकॉर्ड अत्यधिक उत्तम है, तो शिक्षक को निम्नलिखित कार्य करने की आवश्यकता है-
(A) वह केवल छात्रों को अधिगम प्रणाली के खोजने में सहायता करे तथा उन्हें संदर्भ सूची प्रदान करे।
(B) छात्रों को प्रस्तुतीकरण में मदद करे, किन्तु उन्हें उसकी तैयारी स्वतंत्र रूप से करने दे।
(C) छात्रों को स्वयं तैयार करने के पर्याप्त अवसर दे तथा उन्हें स्वनिर्देशित होने दे।
(D) छात्रों की तैयारियाँ पाठ्यपुस्तकीय मात्र तो नहीं हैं, इसका निरीक्षण करे।

160. यदि विद्यार्थी यह न समझे कि कक्षा में क्या पढ़ाया गया है, तो शिक्षक क्या अनुभव करेगा-

(A) भारी ऊबा हुआ

(B) उसे दूसरे तरीके से समझाना चाहिए

(C) वह व्यर्थ समय नष्ट कर रहा है

(D) विद्यार्थियों के लिए अफसोस

161. शिक्षक द्वारा दिए जाने वाले गृहकार्य की मात्रा एवं प्रकार का निर्धारण करना चाहिए-

(A) छात्रों के मतों द्वारा

(B) विषय वस्तु की जटिलता द्वारा

(C) गृहकार्य से उत्पन्न होने वाले अधिगम द्वारा

(D) कक्षा के कालांश द्वारा

162. शिक्षा के क्षेत्र में ली जाने वाली परीक्षा से हम जान सकते हैं कि-

(A) विद्यार्थी कितना बुद्धिमान है।

(B) अध्यापक द्वारा पढ़ाया गया सम्बोध विद्यार्थी किस प्रकार प्रस्तुत करता है।

(C) विद्यार्थी पूर्व वर्ष में किए गए कार्य का कितना भाग याद कर सकता है।

(D) विद्यार्थी का शैक्षिक विकास सही दिशा में हो रहा है अथवा नहीं।

163. जो अध्यापक कक्षा-अध्यापन में उत्साही होते हैं-

(A) उनमें प्रायः विषयों की प्रवीणता का अभाव होता है, जो उनके उत्साह के नीचे छिपा रहता है।

(B) वे छात्रों का ध्यान खींचने के लिए केवल नाटकीय रूप दे देते हैं।

(C) वे अपने छात्रों को अध्यापन-अधिगम की प्रक्रिया के अन्तर्गत कर लेते हैं।

(D) उनमें उपरोक्त सभी बातें होती हैं।

**D**

164. प्राथमिक स्तर के बच्चों को पढ़ना-सिखाना हो तो उसका कठिनाई स्तर –
   (A) अमूर्त से मूर्त के क्रम में हो।
   (B) कठिन से सरल के क्रम में हो।
   (C) सरल से कठिन के क्रम में हो।
   (D) विशिष्ट से सामान्य के क्रम में हो।

165. सीखने-सिखाने के दौरान किए गए आकलन से शिक्षक को –
   (A) किसी विषय में बच्चे की केवल क्षमताओं की पहचान करने में सहायता मिलती है।
   (B) क्षमताओं और सीखने में कमी की पहचान करने में सहायता मिलती है।
   (C) सीखने में कमी की पहचान करने में सहायता मिलती है।
   (D) पाठ को याद करने की क्षमता का पता चलता है।

166. व्यापक आकलन का अर्थ है –
   (A) बच्चे की सर्वांगीण प्रगति के बारे में जानकारी
   (B) बच्चे की समेकित प्रगति के बारे में जानकारी
   (C) बच्चे की मौखिक अभिव्यक्ति के बारे में जानकारी
   (D) बच्चे की लिखित अभिव्यक्ति की जानकारी

167. बाल केन्द्रित शिक्षा का अर्थ है –
   (A) बच्चों को खेल विधि द्वारा पढ़ाया जाए।
   (B) बच्चों के अनुभवों, उनके स्वरों और उनकी सक्रिय सहभागिता को प्राथमिकता देना।
   (C) बच्चों को आकर्षक पुस्तकों से पढ़ाया जाए।
   (D) बच्चों को स्नेह और मृदु भाषा में पढ़ाया जाए।

168. बच्चों में पारस्परिक तुलना कभी नहीं करनी चाहिए क्योंकि पारस्परिक तुलना से बच्चों में –

(1) हीन भावना जागृत होती है।

(2) द्वेष की भावना जागृत होती है।

(3) आत्मविश्वास में वृद्धि होती है।

सही विकल्प का चयन कीजिए –

(A) (1) और (2)

(B) (2) और (3)

(C) (1) और (3)

(D) केवल (1)

169. एक सृजनात्मक बच्चे की विशेषताएं हैं-

(1) विचार और कार्य में मौलिकता का प्रदर्शन

(2) समस्याओं के प्रति उच्च स्तर की संवेदना

(3) सोचने-विचारने का नवाचारी तरीका

सही विकल्प का चयन कीजिए –

(A) (1) व (2)

(B) (2) व (3)

(C) (1) व (3)

(D) (1), (2) व (3)

170. कक्षा-कक्ष में बच्चों की धारण दर बनाए रखने के लिए जरूरी है कि-

(A) शिक्षक बच्चों को कक्षा में रोज आने के लिए कहे।

(B) कक्षा में उपस्थित न होने वाले विद्यार्थियों को दण्ड देना।

(C) कक्षा में नियमित रूप से एवं बच्चों की रूचि के अनुरूप शिक्षण करना।

(D) जो बच्चे कक्षा में नियमित उपस्थित हों उन्हें ही अभिप्रेरित करना।

171. वही व्यक्ति अच्छा शिक्षक बन सकता है-

(A) जिसका अच्छा अकादमिक रिकार्ड हो।

(B) जो बच्चों को नियंत्रित कर सके।

(C) उसकी शिक्षण में रूचि हो व अपने विषय में पारंगत हो।

(D) अपने विषय में पारंगत होने के साथ-साथ बच्चों को अनुशासित रख सके।

D

172. कक्षा-कक्ष में जरूरी है कि शिक्षक –

(A) हमेशा आई.सी.टी. का प्रयोग करें।

(B) कक्षा में बच्चों को प्रश्न करने के अवसर दें।

(C) विषय को मौखिक एवं लिखित रूप में पढ़ाए।

(D) रोज कक्षा में आए।

173. मौखिक प्रश्न पूछकर हम बच्चों की किन-किन क्षमताओं को जान सकते हैं –

(A) सुनने व दोहराने की क्षमता

(B) सुनने, दोहराने व निर्देशों को समझने व उसके अनुसार कार्य करने की क्षमता

(C) सही उत्तर बताने की क्षमता व याद किये हुए को जानने की क्षमता

(D) सही उत्तर बताने, सुनने-बोलने की क्षमता

174. यदि आपको पता चलता है कि आपकी कक्षा में कोई बच्चा अल्पदृष्टि बाधित है तो निम्नलिखित में से कौन सा तरीका सबसे अच्छा है–

(A) उसको श्यामपट्ट के नजदीक बिठाएंगे।

(B) उसको प्रतिभावान बच्चों के बीच बिठाएंगे।

(C) जहाँ वह रोज बैठता है, वही बैठने देंगे।

(D) उसको श्यामपट्ट के नजदीक बिठाएंगे और श्यामपट्ट में बड़े-बड़े अक्षरों का प्रयोग करेंगे।

175. बच्चों के विकास के विभिन्न पहलुओं की समझ एक शिक्षक के लिए आवश्यक है क्योंकि इससे-

(A) शिक्षक को बच्चों की वैयक्तिक भिन्नता के अनुरूप कक्षा-शिक्षण करने में सहायता मिलेगी।

(B) शिक्षक को बच्चों को समझने में सहायता मिलेगी।

(C) (A) व (B) दोनों

(D) केवल (A)

176. निम्नलिखित में से एक स्व-अभिप्रेरित बच्चे के लक्षण हैं –

(1) वो हर कार्य को करने में उत्साहित है।

(2) कार्य करते समय उच्च श्रेणी की ऊर्जा प्रदर्शित करता है।

(3) डाँट के भय से कार्य करता है।

सही विकल्प का चयन कीजिए –

(A) 1, 2 व 3

(B) 1 व 2

(C) 2 व 3

(D) 1 व 3

177. ऑकलन का क्या उद्देश्य होना चाहिए –

(A) विद्यार्थियों को नई कक्षा में प्रवेश देना

(B) बच्चों के उपलब्धि स्तर को जाँचना

(C) सीखने के दौरान कमियों की पहचान व निराकरण

(D) बच्चों ने कितना प्रतिशत प्रश्नपत्र सही किया यह देखना

178. "समान शैक्षिक अवसर" इस कथन से तात्पर्य है-

(1) सभी लोगों को एक जैसी शिक्षा देना।

(2) सभी को समान अवसर प्रदान करना जिससे वे अपनी योग्यता के अनुरूप शिक्षा प्राप्त कर सकें।

(3) सभी को शिक्षा प्राप्त करने के लिए योजनाएँ बताना।

सही विकल्प का चयन कीजिए–

(A) 1 व 2

(B) 2 व 3

(C) केवल 1

(D) केवल 2

179. निम्नलिखित में से कौन सा कथन शिक्षण के संदर्भ में सत्य है –
(A) उत्तम शिक्षण वह है जिसमें शिक्षक और शिक्षार्थी दोनों क्रियाशील रहते हैं।
(B) शिक्षण का अर्थ है कि विद्यार्थियों को अधिक से अधिक जानकारी देना।
(C) शिक्षण का अर्थ है श्रव्य-दृश्य सामग्री का प्रयोग करना।
(D) शिक्षण वह प्रक्रिया है जिसमें विद्यार्थी, शिक्षक के विचारों से प्रभावित होते हैं।

180. विद्यार्थियों में नैतिक गुणों का विकास तब हो सकता है जब –
(A) शिक्षक नैतिक गुणों से संबंधित कहानियाँ सुनाएँ।
(B) स्वयं नैतिक गुणों का अनुकरण करें व विद्यार्थियों को अभिप्रेरित करें।
(C) समय-समय पर विद्यार्थियों को नैतिक गुणों पर सामग्री एकत्रित करने के लिए कहे।
(D) आध्यात्मिक विषय पर शिक्षक बच्चों से बातचीत करे।

181. यदि कोई शिक्षक अपने विषय का पाठ्यक्रम समय पर पूरा नहीं कर पाता है तो सबसे अच्छा तरीका कौन सा होगा जो उसे करना चाहिए –
(A) पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए अतिरिक्त कक्षाएँ लेनी चाहिए।
(B) जहाँ तक पढ़ाया है वही तक के प्रश्न पूछने चाहिए।
(C) अधूरे पाठ्यक्रम से केवल महत्वपूर्ण प्रश्न और उत्तर बच्चों को बताने चाहिए।
(D) विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम स्वयं पूरा करने के लिए कहना चाहिए।

182. यदि किसी शिक्षक को कक्षा-शिक्षण के दौरान विद्यार्थी द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर नहीं आता है तो उसे क्या करना चाहिए-
(A) विद्यार्थी को ऐसे ही उत्तर दे देना चाहिए।
(B) उसे डाँटकर बैठने के लिए कहना चाहिए।
(C) उसे कहना चाहिए कि वो इसका उत्तर विस्तार से अध्ययन के बाद बताएँगे।
(D) उसे कक्षा-कक्ष से बाहर जाने के लिए कहेंगे।

183. यदि आपकी कक्षा में कोई विद्यार्थी अधिकतर अनुपस्थित रहता है तो आप क्या करेंगे –

(A) इस विषय में प्रधानाचार्य को सूचित करेंगे।

(B) इस ओर ध्यान नहीं देंगे।

(C) उसके कक्षा में अनुपस्थित होने का कारण जानेंगे।

(D) उसका नाम उपस्थिति पंजिका से काट देंगे।

184. विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित करने के क्या उद्देश्य होने चाहिए –

(A) अभिभावकों को बच्चे के विषयवार अंकों के बारे में सूचना देना।

(B) बच्चे के सबल एवं कमजोर पक्षों के विषय में चर्चा करना।

(C) बच्चे जिन विषयों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं, केवल यह बताना।

(D) बच्चे की उपलब्धियों को ही बताना।

185. एक अच्छे शिक्षक को विद्यार्थियों द्वारा किए गए कक्षा-कार्य को कैसे जाँचना चाहिए–

(A) कक्षा-कार्य पूर्ण होने के एक सप्ताह के भीतर।

(B) जब शिक्षक के पास समय हो तब।

(C) कार्य के पूर्ण होने के तुरंत बाद जिसमें शिक्षक के हस्ताक्षर हों।

(D) कार्य के पूर्ण होने के तुरंत बाद जिसमें कार्य के संदर्भ में त्रुटियों एवं सुधार का उल्लेख हो।

186. शिक्षक-व्यवहार के सम्बन्ध में कौन सा कथन सही नहीं है–

(A) शिक्षक-व्यवहार विश्वसनीय होता है।

(B) शिक्षक-व्यवहार निश्चित होता है।

(C) शिक्षक-व्यवहार बाह्य व्यवहारों तथा लक्षणों द्वारा प्रदर्शित होता है।

(D) शिक्षक-व्यवहार वैयक्तिक विशेषताओं का क्रियात्मक रूप है।

D

187. एक अध्यापक को शैक्षिक मनोविज्ञान का ज्ञान अवश्य होना चाहिए ताकि वह –

(A) शिक्षा के उद्देश्यों को समझ सके।

(B) उचित शिक्षण विधियों का विकास कर सके।

(C) उचित विषय-वस्तु का चयन कर सके।

(D) मूल्यांकन की सही विधियाँ अपना सके।

188. बच्चे के अवांछनीय संवेगों के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा व्यवहार सबसे कम प्रभावी है?

(A) बच्चे में सुरक्षा भाव भरना।

(B) अपने संवेगों से मुकाबला करने के लिए उसमें कुछ योग्यताएं पैदा करना।

(C) बच्चे को दण्ड देना तथा कहना कि वह ऐसा कार्य दोबारा न करें जो अच्छा नहीं है।

(D) बच्चे की योग्यता तथा उसकी महत्वाकांक्षाओं के बीच की खाई को भरना अथवा उसके ऊपर लादा गया बोझ कम करना।

189. निम्नलिखित में से कौन सा कथन गृहकार्य के सम्बन्ध में सर्वाधिक उपयुक्त है –

(i) गृहकार्य छात्रों की प्रवृत्तियों एवं स्तर के अनुकूल होने चाहिए।

(ii) गृहकार्य का स्वरूप भाषा की दृष्टि से शुद्ध होना चाहिए।

(iii) गृहकार्य को क्रमागत होना चाहिए।

(iv) गृहकार्य उद्देश्य केन्द्रित होना चाहिए।

सही विकल्प का चयन कीजिए –

(A) (i), (ii), (iv)

(B) (ii), (iii), (iv)

(C) (i), (ii), (iii)

(D) उपरोक्त सभी

190. बच्चों के व्यवहार का सूक्ष्म निरीक्षण करते समय शिक्षकों को किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए-

(i) प्रत्येक विद्यार्थी को व्यवहार के प्रत्येक लक्षण में बराबर महत्त्व देना।

(ii) प्रत्येक विद्यार्थी का विविध प्रकार की परिस्थितियों जैसे कक्षा, समिति के काम, वाद-विवाद, खाने की छुट्टी आदि में निरीक्षण करना।

(iii) प्रत्येक विद्यार्थी की समूह के अन्य व्यक्तियों से तुलना करना।

(iv) अपने पूर्वाग्रहों के प्रति सावधान रहना

सही विकल्प का चयन कीजिए –

(A) (i), (ii)

(B) (i), (ii), (iii), (iv)

(C) (i), (iii), (iv)

(D) (i), (ii), (iii)

191. निम्नलिखित में से सही कथन का चयन कीजिए –

(A) एक विद्वान को अपना विषय तैयार करने और कक्षा में जाने की आवश्यकता नहीं है।

(B) अनुभवी अध्यापकों के लिए यह आवश्यक नहीं है कि वे कक्षा में जाने से पूर्व तैयारी करें।

(C) अध्यापक को अनुभव अथवा विद्वता का विचार किए बिना, कक्षा में हर बार जाने से पहले तैयारी करने की आवश्यकता है।

(D) एक कुशल अध्यापक बिना तैयारी के कक्षा में काम चला सकता है।

192. निम्नलिखित की समीक्षा कीजिए-

**आधार कथन (A) :** कक्षा में अध्यापन-कार्य में तरह-तरह की युक्तियाँ सम्मिलित होनी चाहिए।

**कारण (R) :** छात्रों की अधिगम शैली में व्यक्तिगत विभिन्नताएँ होती हैं।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) का सही कारण है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) का सही कारण नहीं है।

(C) केवल (R) सही है।

(D) केवल (A) सही है।

193. एक अध्यापक विद्यार्थियों को पढ़ा रहा है कि यदि दूसरों के विचार आपके विचारों के विपरीत हों, तो भी उन्हें उत्तेजित नहीं होना चाहिए। वह उनके......... का ध्यान रख रहा है-

(A) संज्ञानात्मक विकास

(B) भावात्मक विकास

(C) शारीरिक विकास

(D) सामाजिक विकास

194. शिक्षक छात्रों में समस्या सुलझाने तथा तार्किक योग्यताओं का विकास निम्नलिखित के द्वारा कर सकते हैं -

(A) महत्त्वपूर्ण प्रश्न पूछकर।

(B) पुस्तक से शब्दशः दिए गए उत्तर को अस्वीकार कर।

(C) प्रश्न पूछते समय 'अगर.......मगर' दृष्टिकोण पर बल देकर।

(D) उच्च स्तर का उत्तर देने पर बल देकर।

195. बालकों को परिश्रम करने के लिए प्रेरित करने का सर्वोत्तम उपाय है -

(A) स्वयं परिश्रम किया जाए, जिसे देखकर बालक स्वतः प्रेरित होंगे।

(B) परिश्रम के महत्व पर व्याख्यान दिया जाए।

(C) परिश्रम द्वारा सफलता प्राप्त करने वालों के उदाहरण दिए जाएँ।

(D) परिश्रमी बालकों को पुरस्कार दिया जाए।

196. शिक्षण में छात्रों की सर्वाधिक भागीदारी संभव है-

(A) व्याख्यान विधि द्वारा

(B) चर्चा विधि द्वारा

(C) पुस्तक विधि द्वारा

(D) श्रव्य-दृश्य सामग्री द्वारा

197. शिक्षक होने के नाते आप अपने छात्रों से कैसा सम्बन्ध रखना चाहते हैं?

(A) मित्रवत्

(B) पुत्रवत्

(C) एक परिचित व्यक्ति जैसा

(D) छात्र की आयु के अनुरूप

198. यदि पीछे बैठने वाले छात्र सदैव बातचीत में ही व्यस्त रहते हों तो अध्यापक को चाहिए कि वह-

(A) उन्हें जो कुछ वे कर रहे हैं, करने दें।

(B) उन्हें दण्ड दें।

(C) उन्हें आगे बैठाएँ और उन पर नज़र रखें।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं।

199. अधिकांश छात्र उन शिक्षकों से पढ़ने के लिए इच्छुक होते हैं जो –

(A) उसके पहले भी उन्हें पढ़ा चुके हों।

(B) स्कूल में अति योग्य शिक्षक माने जाते हों।

(C) उन्हें प्रभावशाली व्यक्तित्व वाले लगते हों।

(D) जो छात्रों की समस्याएँ हल करने में रूचि रखते हों।

200. विद्यार्थी अध्यापक का सर्वाधिक आदर करेंगे, यदि –

(A) वह अपने कार्य के प्रति निष्ठावान है।

(B) वह अनुशासन लागू करने में सफल होता है।

(C) वह विद्यार्थियों के साथ मित्रवत् है।

(D) वह अपना प्रभुत्व दृढ़तापूर्वक प्रकट करता है।